


# पंचदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-15 वृहस्पतिवार, दिनांक-15 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक-42 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1676 लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1677 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vii) 180 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन की सूचना :-

आसन से घोषणा की गई कि माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं तीन अन्य माननीय सदस्यों से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण इसे अमान्य किया जाता है ।

कार्यस्थगन की सूचना अमान्य किये जाने के पश्चात् अवैध खनन के विषय पर माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह द्वारा अपना-अपना पक्ष रखा गया ।

तत्पश्चात् आसन से घोषणा की गई कि माननीय सदन नेता के विचारों के आलोक में सदन की भावना का ध्यान रखते हुए अवैध खनन के विषय पर नियम-43 के तहत दो घंटे का सामान्य विमर्श कराया जायगा ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री अमन कुमार
(ii) डा० इजहार अहमद
(iii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(iv) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(v) श्रीमती लेशी सिंह
(vi) श्री प्रदीप कुमार
(vii) श्री राहुल कुमार
(viii) श्री प्रमोद कुमार
(ix) श्री बीरेन्द्र सिंह
(x) श्री राजेश्वर राज
(xi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xii) श्री अशोक कुमार सिंह
(xiii) श्रीमती पूनम देवी यादव
(xiv) श्री जनक सिंह
(xv) श्री दिनेश कुमार सिंह

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री रामधनी सिंह एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग (सहकारिता विभाग को स्थानान्तरित ) से संबंधित दिनांक 2 एवं 13 मार्च, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री सहकारिता विभाग द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री उमाकांत यादव का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 5 एवं 12 मार्च, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन / उद्योग विभाग से संबंधित दिनांक 12 मार्च, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री श्रम संसाधन विभाग द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह एवं अन्य सभासदों के परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 16.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(v) माननीय सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[5] समितियों का गठन :-

माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग द्वारा बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का वर्ष 2012-2013 के गठन के लिए माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को अधिकृत करने एवं इन समितियों के सहकारी सदस्यों के लिए बिहार विधान परिषद् से क्रमश: चार, छ: एवं तीन माननीय सदस्यों को मनोनीत करने के लिए बिहार विधान परिषद् को अधिकृत करने से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जो सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

[6] सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

(i) माननीय सभापति, प्राक्कलन समिति द्वारा प्राक्कलन समिति का 145वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति, शून्यकाल समिति द्वारा शून्यकाल समिति का 12वाँ, 13वाँ, 14वाँ, 15वाँ, 16वाँ एवं 17वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।**

[7] <u>वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-</u>
<u>उद्योग विभाग</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा विभाग की अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की उद्योग नीति पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राहुल कुमार

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(iii) श्रीमती मुन्नी देवी
(iv) डा० दाउद अली
(v) श्रीमती मंजू हजारी
(vi) डा० मो० जावेद
(vii) श्रीमती नीता चौधरी
(viii) डा० उषा विद्यार्थी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

माननीय प्रभारी मंत्री उद्योग विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर के दरम्यान असंतोष प्रकट करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा उद्योग विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 44 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 16 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।